कल्याण संगीत समारोह एवं निःशुल्क... पृष्ठ 2 | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 19 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 239, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठकः शहीद पुलिस सेवकों के परिवार को पुलिस के अलावा अन्य विभागों में भी मिल सकेगी अनुकंपा नियुक्ति

**रायपुर।** कैबिनेट द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को ध्यान में रखते हुए अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पुनरीक्षित निर्देश-2013 में संशोधन करते हुए निर्णय लिया है। नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण में उनके परिवार के किसी भी पात्र सदस्य को विकल्प के आधार पर पुलिस विभाग के अलावा, किसी अन्य विभाग में, राज्य के किसी भी जिला, संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकेगी। पहले अनुकम्पा नियुक्ति यथासंभव उसी विभाग या कार्यालय में देने की व्यवस्था थी, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक निधन के पूर्व कार्यरत था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कैबिनेट के निर्णस कर जानकारी दी। कैबिनेट ने अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति सूची में तकनीकी कारणों से शामिल होने से वंचित जातियों को प्राप्त होने वाली कतिपय सुविधाएं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डिहारी कोरवा, बघेल क्षत्री, संसारी उरांव तथा पबिया, पविया, पवीया समाज के विद्यार्थियों को अनुसूचित जनजाति के समतुल्य एवं डोमरा जाति के विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति के समतुल्य राज्य मद से मात्र राज्य छात्रवृत्ति तथा शिष्यवृत्ति प्रदान किये जाने एवं छात्रावास-आश्रमों में स्वीकृत सीट के अधीन प्रवेश दिए जाने की सुविधा प्रदान करने की सहमति दी है। कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घर की छतों में सोलर रूफ्टॉप संयंत्र की स्थापना में राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं को वित्तीय



सहायता दिए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपी डीसीएल) के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर रूफ्टॉप संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ-साथ राज्य की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, जो सोलर प्लांट की क्षमता के आधार पर अलग-अलग होगी। हाउसिंग सोसाइटी/रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के लिए भी इसी तरह की सहायता प्रस्तावित की गई है। यह अनुदान राशि सीएसपीडीसीएल को अग्रिम रूप से मिलेगी और वही इसे लाभार्थियों को देगी। वर्ष 2025-26 में 60,000 और 2026-27 में 70,000 सोलर पावर प्लांट की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 180 करोड़ एवं 2026-27 में 210 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा। राज्य वित्तीय सहायता उन घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से दी जाएगी जिनके सोलर प्लांट का ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद हुआ है। कैबिनेट ने राज्य में वन्यजीव, खासकर बाघों के संरक्षण और ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए ''छत्तीसगढ़ टाइगर फाउंडेशन सोसायटी'' का गठन करने का निर्णय लिया है। यह सोसायटी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत काम करेगी। मध्य प्रदेश में यह 1996 से संचालित है। इसका मुख्य लक्ष्य छत्तीसगढ़ में लगातार घट रही बाघों की आबादी को बचाना है। यह संस्था स्व-वित्तपोषित होगी, जिससे सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह सहयोग देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से फंड जुटाएगी।

# जागो ग्राहक जागो- लवकुमार रामटेके

## मामला राजनांदगॉव के एक प्रतिष्ठित रेस्टारेंट का



**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** घटना राजनांदगॉव नागपुर नाका के समीप एक प्रतिष्ठित रेस्टारेंट की जहॉ अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट लवकुमार रामटेके अपने पत्नी श्रीमती दीपा रामटेके, पुत्री गौतमी, पुत्री माही व पुत्र अलौकिक के रविवार 8 जून को लगभग 9-9.30 बजे रात्रि में भोजन करने गये थे. जहॉ परिवार वालो ने रेस्टरेंट के मैन्यू के अनुसार 4 डिमिटेड थाली 179 रूपयें की ऑर्डर किये थें. रेस्टारेंट की लिमिटेड थाली के अनुसार सारी चीजे जिसमें 3 रोटी, एक प्लेट जीरा राईस, एक दाल फ्राई, एक पनीर मसाला, एक मिक्स सब्जी, पापड-आचार व मीठा आमरस था, जो एक बार ही दिया जाना था, दूबारा नहीं देने का नियम बताया रेस्टारेंट में बताया गया. रेस्टारेंट में बताया गया कि पार्सल होने पर बीस रूपयें अतिरिक्त चार्ज देने की बात कहीं. हमने अपने पॉच सदस्यों के लिये चार थाली का ऑर्डर किया तथा भोजन की मात्रा हमें अधिक लगने से हमने एक खाली प्लेट भी मंगाया, जिसमें हमारी थाली लगते ही दो रोटी, एक दाल फ्राई, एक पनीर मसाला व एक जीरा राईस अलग निकाल कर रख तथा अपना भोजन करने के बात अलग प्लेट के भोजन को पार्सल करने को कहॉ तो वेटर ने मना कर दिया, पूछने पर कहॉ कि काउंटर पर बैठे व्यक्ति मैनेजर/ओनर से बात करे वे कहेगें तो पार्सल कर देगें. हमने उनसे बात ही उन्होंने पार्सल देने से मना कर दिया तथा उचे स्वर में बात करने लगा, हमारे बीच कुछ कहॉ-सूनी हुई. हमने कहॉ की आप गलत कर रहे है. हम उपभोक्ता फोरम जायेगें.

# निकुम में शिव महापुराण कथा की भव्य तैयारी पूरी 19 से 23 जून तक पं. प्रदीप मिश्रा सुनाएंगे शिव कथा

## महिलाओं एवं बालिकाए ने सिर पर कलश लेकर किया गली भ्रमण लगाएं हर हर महादेव के जयकारे





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले से लगे हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में शिव महापुराण कथा की तैयारी पूर्ण हो चुकी है, और कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी 19 जून से 23 जून तक स्व. पुनेश्वर भारदीय कालेज के बाजू निकुम में कथा सुनाएंगे।यह आयोजन समस्त ग्रामवासी निकुम के द्वारा किया जा रहा है.शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज 18 जून को कलश यात्रा शीतला मंदिर से प्रारभ होकर कथा स्थल तक पहुंची जिसमे लगभग 3100 कलशधारी महिलाओं, बलिकाओं के साथ कलश यात्रा निकाली गई। 19 जून को कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगी। तैयारियां हुई पुरी: संयोजक रूपेश देशमुख ने बताया कि कथा स्थल पर 150एक्स40 फीट का भव्य स्टेज बनाया गया है, जिसमें आदियोगी शिव कैलाश पर्वत स्थापित की गई है। स्व. पुकेश्वर भारतीय महाविद्यालय के पास मैदान में वाटरफ्रूफपंडाल बनाया गया है, ताकि बारिश में भी भक्तों को कोई परेशानी न हो. लगातार स्थानीय लोग कथा स्थल पर पहुंचकर श्रमदान कर रहे हैं। अंडा पुलिस प्रसाशन लगातार व्यवस्था में जुटी हुई है, 3 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। भोजन और पानी की व्यवस्था भी की गई है, भक्तों में सेवा का भाव जागृत करने के लिए, कई भक्त भोजन और पानी लेकर आते हैं और दूसरों को भी बांटते हैं। कथा का महत्व: शिव महापुराण कथा भगवान शिव के जीवन, महिमा और महत्व को दर्शाती है। कथा सुनने से होती है आध्यात्मिक उन्नति: कथा सुनने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है, शिवलोक में स्थान प्राप्त होता है और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है. कथा के माध्यम से, पंडित प्रदीप मिश्रा जी भगवान शिव के मंत्रों का जाप करने और जल चढ़ाने का भी महत्व बताते हैं. यह कथा सनातन धर्म में एकता और अखंडता का संदेश देती है।

# कलेक्टर ने किया सीएमएचओ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने गुरूद्वारा चौक स्थित



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में जर्जर छतों एवं दीवालों का निरीक्षण कर कार्यालय को अस्थायी तौर पर महिला प्रशिक्षण केन्द्र गौरव पथ में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालय की साफ-सफाई एवं फाईलों के रख-रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों के आधार बेस उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मोबाइल रिपेयरिंग इंडस्ट्री सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह

राजेश डागा



**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** मोबाइल रिपेयरिंग इंडस्ट्री को समर्पित दो दिवसीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन 21 एवं 22 जून 2025 को बेबीलोन कैपिटल, VIP चौक, रायपुर में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दूसरे दिन 22 जून को विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति मुख्य अतिथि के रूप में सुनिश्चित हो चुकी है। मोबियालाइव द्वारा रवि भवन व्यापारी संघ के विशेष सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन पूर्व में दिल्ली, हैदराबाद एवं कोच्चि जैसे महानगरों में सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, और अब पहली बार मध्य भारत के सबसे प्रगतिशील राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित हो रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को मोबाइल टेक्नोलॉजी की नवीनतम तकनीकों और व्यवसायिक अवसरों से जोड़ना है। यह कार्यक्रम न केवल तकनीकी ज्ञान देने का मंच है, बल्कि इसमें देश-विदेश से आई जानी-मानी कंपनियाँ, प्रशिक्षित प्रशिक्षक और तकनीकी विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।22 जून को आयोजित विशेष सत्र में मोबाइल रिपेयरिंग क्षेत्र के व्यवसायियों एवं तकनीकी दक्षता रखने वाले विशेषज्ञों के बीच लाइव रिपेयरिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें वैश्विक ब्रांड्स के नवीनतम मॉडल्स पर ड्डष्ट, ष्टक्क प्रोसेसर बदलने एवं मरम्मत करने जैसी बारीक तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश सहित अन्य राज्यों से 4,000 से 6,000 तकनीकी युवाओं की भागीदारी संभावित है। साथ ही, यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में लगभग 20,000 से अधिक युवा इस क्षेत्र से जुड़कर सफल स्वरोजगार कर रहे हैं, और यह आयोजन उनके लिए नई तकनीकी दिशाओं के द्वार खोलने वाला सिद्ध होगा। माननीय डॉ. रमन सिंह जी की उपस्थिति इस आयोजन को न केवल विशेष बनाएगी, बल्कि प्रदेश के तकनीकी युवाओं के लिए एक प्रेरणास्पद संदेश भी होगी। मोबियालाइव सम्मेलन 22/06/2025 में मान डॉ रमन सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की स्वीकृति दी,हम सदैव आभारी रहेंगे, इस अवसर पर कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी जी सहित मोबियालाइव टीम से जय नानवानी, परविंदर सिंह, संदीप सोनी,हिमांशु वर्मा एवं तजिंदर जी उपस्थित रहे।

# 11 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल ने देश को समृद्धि और खुशहाली की ओर किया अग्रसर : कोमल सिंह राजपूत



## उत्तर मंडल में हुई संगोष्ठी सभा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर मंडल द्वारा चिखली में स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित संगोष्ठी में अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकासए समृद्धि और खुशहाली के नये दौर में कदम रखा है। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ.सबका विकासए सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने कीए केन्द्र सरकार के राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।

**डबल इंजन की सरकार ने छत्तीसगढ़ में विकास के गढ़े नये आयाम**

कोमल सिंह राजपूत ने कही की छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसान भाइयों से की गई मोदी जी की गारंटी भी साकार हुई। हमने बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इन 11 सालों में देश में जो बड़ा बदलाव आया हैए उससे छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ में हमने सरकार गठन के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर मोदी जी के वायदे को पूरा किया है। प्रदेश में 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। इनमें से 15 लाख 38 हजार आवास बन चुके हैं।

**किसानों और माताओं.बहनों का हो रहा आर्थिक सशक्तिकरण.. अशोक चौधरी**

भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कही कि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को भी हर साल 10.10 हजार रुपए की राशि हमारी राज्य सरकार दे रही है। किसान भाइयों के खाते में अब तक एक लाख करोड़ रुपए की राशि प्रेषित कर चुके हैं। डेढ़ साल पहले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में मोदी जी ने महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक.एक हजार रुपए माताओं.बहनों को देने की गारंटी दी थी। हमने यह वादा तीसरे महीने ही पूरा कर दिया और करीब 70 लाख माताओं.बहनों को हर महीने यह राशि दे रहे हैं। चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने मोदीजी की अधिकांश बड़ी गारंटियों को पूरा कर कीर्तिमान स्थापित किया हैए निसंदेह इसका श्रेय भी मोदीजी को हैए जिनकी गारंटी पर जनता ने भरोसा कर हमें सेवा का अवसर दिया।

**माओवादी आतंकवाद पर सख्त प्रहार ... मधुसूदन यादव**

संगोष्ठी में महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बवोधन में कार्यकर्ताओं को बताया कि आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी जी और अमित शाह जी का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है।

**जनजातीय समाज के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित**

महापौर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत मां के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसामुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर जनजातीय अस्मिता को गौरवान्वित किया है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई। इस योजना से छत्तीसगढ़ के 18 जिलों के 2121 गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाति के 2 हजार 160 बसाहटों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। पीएम जनमन योजना में 2449 किलोमीटर सड़क स्वीकृत की गई हैं। जनजातीय समाज उत्थान पर केन्द्रित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का सबसे अधिक लाभ छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्यों को मिल रहा है। राज्य के 32 जिलों में 6 हजार 691 जनजातीय ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है।

**गरीब कल्याण और उज्जवला योजना से महिलाओं को मिल रही राहत.. तरुण लहरवानी**

पूर्व मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अब तक का कार्यकाल सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण के अनुष्ठान की तरह है। गरीबए किसानए पिछड़ेए दलित और आदिवासियों का कल्याण उनकी पहली प्राथमिकता है। उज्जवला योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 36 लाख 76 हजार बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला है। प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबी रेखा के लोगों के लिए अगले पांच वर्षों तक नि:शुल्क खाद्यान्न योजना शुरू की है। प्रदेश में भी 71 लाख से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल रहा



है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का स्वागत प्रतिवेदन और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया ने दियाएइस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूतएमहापौर श्री मधुसूदन यादवएदक्षिण मंडल के पूर्व अध्यक्ष तरुण लहरवानीए वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी जीएश्रीमती पूर्णिमा साहू जीएरूपचंद भीमनानी जीए रघुवीर सिंह वाधवा जीएविजय शर्मा जी

एवं भाजपा के वरिष्ठ और पार्षदगणो में निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा जीए सावन वर्मा जीएशिव वर्मा जीएकन्हैया लाल साहू जीए श्रुति जैन जीएतृप्ति पात्रे जीएअपूर्वा श्रीवास्तव जीएप्रियंका कुरनजेकर जीए रेखा पारख जीएमनोहर यादव जीए कमलेश बन्दे जीए प्रमोद झंझाड़े जी दुरेंद्र साहू जीए सेवक राम उइके जीएएवं भाजपा के समस्त वरिष्ठ और कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक चंद्रभान जंघेल जीए सहसंयोजकण्णगेमू कुंजाम जीएकमल ध्रुवे जीए श्रीमती सालू वर्मा जीए विनोद भारती जीए नरेश कोचरे जीए निर्मला बन्दे जीए संजू बघेल जीए कबीर साहू जी शांति पात्रे जीएनरेंद्र हंसाएनागेश यदुएमदन यादवएउज्ज्वल कसेरए समीरएतरुण साहूएनरेश कोचरेएआशुतोषएश्रीमती सगिता मिश्राएअंकितएमनीष मानिकपुरीएआशीष श्रीवास्तवएलोकेश जैनएअभये पारखए अभिषेक सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार के 11 साल होने पर तुमडीबोड में संकल्प से सिद्धि ऐतिहासिक विषय पर चर्चा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला भाजपा के निर्देशानुसार मंडल भाजपा तुमड़ीबोड़ में संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम अंतर्गत विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर आम सभा रखा गया था जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री नीलू शर्मा जी ( अध्यक्ष पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ ) एवं श्रीमती जागृति चुन्नी यदु जी ( सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव ) के गरिमामय उपस्थिति में मंडल स्तरीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, मंडल महामंत्री टिकम पटेल, गणेश्वर सिन्हा, जया तिमेश साहू ( सभापति ज पं डोंगरगांव ) मिडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता निवेदन साहू, दिलीप तिवारी, अमरोतन साहू, नवीन परमार एवं भाजपा मंडल तुमड़ीबोड़ के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान पिछले 11 साल में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा देश की ऐतिहासिक उपलब्धि, उन्नति और विकास पर विशेष चर्चा हुई।

## थंगेश्वर कुमार साहू मीत राष्ट्रीय कवि संगम के जिला-राजनांदगांव के उपाध्यक्ष मनोनित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय कवि संगम राजनांदगांव के जिला कार्यकारिणी में रिक्त उपाध्यक्ष के पद पर श्री थंगेश्वर कुमार साहू च्मीतज्व्याख्याता एवं साहित्यकार का मनोनयन सर्वसम्मत से किया गया । उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कवि संगम के राजनांदगांव जिलाध्यक्ष श्री शैलेष गुप्ता जी ने थंगेश्वर कुमार साहू जी को बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दिए। साथ ही साथ श्री शैलेष गुप्ता जी ने बताया कि राष्ट्रीय कवि संगम के गतिविधियों के विस्तार के लिए भविष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस राष्ट्रीय कवि संगम के संयोजक श्री मनोज शुक्ला जी एवं संरक्षक डॉ. शंकर मुनिराय जी, श्री पद्मलोचन शर्मा जी च्मुँहफट्टज्, श्री गिरिश ठक्कर जी साथ ही श्री तारिक ललानी जी, श्री अनुराग सक्सेना जी एवं अन्य साहित्यकार मित्रो ने थंगेश्वर साहू च्मीतज्ज् जी को बहुत-बहुत बधाई दिये। इसी अनुक्रम में श्री भूपत सिंह साहू, श्री आर.के. देवांगन, श्री खिलावन साहू, श्री प्रकाश सहारे, श्री रामकुमार कुर्रे, श्री देवेश साव, श्री श्याम कुमार शर्मा, श्री अजय वाधवानी, श्री गोपाल भानुशाली, श्री सनी गजभिये, श्री शुभम यादव, श्री किशोर त्रिवेदी आदि साहित्य एवं संगीत प्रेमियों ने साहू जी को बधाई दिये है।

## सुकुलदैहान में 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एव होम्योपैथी (आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्या मिश्रा राजनांदगांव (छ.ग.) के कुशल मार्गदर्शन में आयुषमान आरोग्य मंदिर सुकुल दैहान में 5 दिवसीय योग शिविर दिनाँक 17 जून 2025 से 21जून 2025 का आयोजन एवं उद् ?धाटन माध्यमिक शाला सुकुल दैहान में किया गया। योग शिविर का उद् ?घाटन श्रीमती सरस्वती चंद्रवंशी सरपंच, उपसरपंच ईश्वरी साहु, पंच उषा सिन्हा, कृष्णा खरे, रामफेर साहू, शिवकुमार देवागंज, ओमप्रकाश देवागंन समस्त पंचगण द्वारा भगवान धनवंतरी के तैलचित्र का पूजनकर शिविर का उद् ?घाटन किया गया।

# कल्याण संगीत समारोह एवं नि:शुल्क कला शिविर में मन मोहक प्रस्तुति



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मध्य भारत एवं छत्तीसगढ़ का प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय संगीत सम्राट राज चक्रधर सिंह महराजा जी एवं उनके दरबारी नृत्याचार्या प्रो. कल्याण दास महन्त जी के नाम से अपने स्थापना के 43 (त्रांलीस) वर्षो से संस्कारधानी में रायगढ़ घराने के समृद्ध शाली सांगीतिक विरासत का शिक्षण, संरक्षण, संवर्धन के लिए सतत कार्य करते हुए संस्था के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा के सतत प्रयासों से विगत पैंतीस वर्षो से नि:शुल्क कला शिविरों का अखिल भारतीय स्तर का आयोजन किया है।और विश्वविख्यात पदम् विभूषण पं. बिरजू महराज जी चार बार आ कर कथक कार्यशाला में शिक्षण दिये है। इसी कड़ी में इस बार रायगढ़ नरेश राजा चक्रधर सिंह जी के ग्रंथ च्मुरज पर्ण पुष्पाकरज्ज् और च्च् नर्तन सर्वस्वम् च्च् के अप्रचलित बंदिशो और परणों को अखिल भारतीय नि:शुल्क कथक नृत्य कार्यशाला में दुर्लभ बंदिशों का कला साधक प्रशिक्षण प्राप्त किये। रायगढ़ कथक घराना के वरिष्ठ गुरू नृत्याचार्य डॉ. भगवान दास माणिक महन्त जी द्वारा प्रशिक्षार्थीयों को रायगढ़ घराने की विशेषताओं का प्रशिक्षण दिये।आप नृत्याचार्य प्रो. कल्याण दास महन्त जी के नाती है और ग्वालियर में अपनी विरासत की सेवा कर रहे है। ज्ञात हो डॉ. भगवान दास जी और डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा नृत्याचार्य कल्याण दास महन्त जी के गण्डाबंध शिष्य है।अखिल भारतीय कल्याण संगीत समारोह में आगरा (उ.प्र.) की सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ परिवार की शास्त्रीय संगीत गायिका श्रीमती अर्चना तलेगाँवकर जी द्वारा प्रभावी तरीके से अपनी गायन प्रस्तुति की। और रायगढ़ की सुश्री ज्योति, श्री बोहिदार वैष्णव द्वारा रूद्राष्ठकमं से अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शको का मनमोह लिया। कथक कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कला साधकों द्वारा रूद्र ताल में च्नर्तन सर्वस्वम्ज्ज् और मुरज पर्ण पुष्पाकर ग्रंथ की दुर्लभ बंदिशो का शानदार प्रस्तुति रही। सुप्रसिद्ध सारंगी वादक सफीक हुसैन जी ने अपने स्वतंत्र सांरगी वादन से दर्शको का मन मोह लिया और संगीत महाविद्यालय के बाल कला साधकों द्वारा रंगारंग कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अधिवक्ता श्री विष्णु साव जी समाज सेवी श्री अशोक



चौधरी जी नागपुर के श्री छन्नु लाल जायसवाल आदि ने अपनी संबोधन दिये। इस अवसर पर प्रतिष्ठित सम्मान संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह जी की ग्रंथ च्नर्तन सर्वस्वम् सम्मानज्ज् से डॉ. भगवान दास माणिक महन्त जी को एंव च्च् राग रत्न मंजूषा सम्मान ज्ज् से श्रीमती अर्चना तलेगाँवकर जी को गायन में और तंत्रिवादय वादन में सारंगी के लिए सफीक हुसैन जी को सम्मानित किया गया। नृत्याचार्य प्रो. कल्याण दास महन्त की स्मृति में आयोजित कल्याण संगीत समारोह में उनके स्मृति में युवा कला साधको को नृत्य निधि सम्मान सुश्री ज्योति श्री बोहिदार वैष्णव को कथक नृत्य में युवा तबला वादक शरद मेश्राम को च्ताल निधि सम्मानज्ज् से अंलकृत किया गया।

# टीकम होटल गठुला व देव होटल अर्जुनी के खिलाफ शिकायत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा समिति प्रशासनिक कार्यालय ममता नगर राजनांदगांव की ओर से जिले के दो गांव के होटलों के विरुद्ध जांच की मांग की गई थी। शिकायत में बताया गया है कि टीकम होटल गठुला और देव होटल अर्जुनी में स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर माप दंड का पालन नहीं हो रहा है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत में संचालित टीकम होटल गठुला और देव होटल अर्जुनी में स्वास्थ्य सुरक्षा में लगातार खिलवाड़ कया जा रह आमजन विश्वास कै साथ इन स्थलों में जाकर स्वल्पाहार एवं अन्य सामग्रियों की खरीददारी करते है। किंतु एक नागरिक का विश् तब टूटता है जब उनके द्वारा खाद्य सामग्रियों की मानकता स्वच्छता एवं अवसान तिथि अंकित किए बिना ही लगातार खाद्य सा की बिक्री की जाती है। सामान्य नागरिक को यह आभाष ही नहीं होता है कि वह जिस स्वल्पाहार/नाश्ता / मिठाई खरीद रहा है उर मानको का कोई पैमाना नहीं है ग्राहक की सरलता एवं एसे सुलभ स्थलों की आसाक्ति का ये व्यवसायी फायदा उठाते है जि व्यक्ति ऐसे सामग्री का सेवन करके अपना हाजमा खराब कर रहा है एवं विषाक्त एवं गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग कर रहा है। सबसे बड़ी बात यहाँ की स्थानीय स्तर पर निर्मित खाद्य पदार्थों की मानकता स्तर का कोई मापदंड निर्धारित नहीं है। केवल प्रमाण पत्र रख लेना ही इतिश्री नहीं है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे स्थलों की सामाग्री निर्माण एवं सेवा के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निध मानको एवं निर्देशों का पालन कड़ाई से हो ऐसे व्यवस्था को अधिक पारदर्शिता के साथ स्थापित किया जाए तथा दोषी व्यवसायी मालिकों के खिलाफ इरादतन अपराध एवं धोखाधड़ी के साथ विषक्त भोजन परोसने के लिए बड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। इस संबंध में निम्न बिन्दुओं में जाँच करने का कष्ट करें:- 1. होटल या कारखानों में स्वनिर्मित खाद्य पदार्थों की निर्माण एवं अवसाल, तिथि, पारदर्शिता के साथ स: सामाग्रियों में अंकित किया गया अथवा नहीं। 2. स्स्स्फ्र्द्ध भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के तहत खाद्य सुरक्षा और मानकों का पारदर्शिता के साथ पालन होता है या नहीं। 3. प्रत्येक दैनिक उपयोगिता वाले खाद्य पदार्थों की कुल मात्रा एवं समय का उल्लेख सूचना पटल पर निर्धारित है अथवा नहीं। 4. कर्मचारियों एवं उनके द्वारा खाद्य सुरक्षा सामग्री निर्माण के समय आवश्यक सुरक्षा मानको का पालन किया जाता है। अथवा नहीं। 5. फ्राई (तलने) हेतु उपयोग में लाए जा रहे तेल सामग्री की टाईमिंग वैधता हेतु विशेष निर्देश का पालन किस आधार पर की जाता है। इसके क्या मानकता है।

## संभागायुक्त ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का आकस्मिक



निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, डीन मेडिकल कालेज डॉ. पीएम लुका उपस्थित रहे। इस दौरान संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने क्रिटिकल केयर, आईसीयू की निर्माणाधीन संरचना, फिजियोथैरेपी यूनिट, आईसीयू केजुएल्टी, नये सीटी स्कैन मशीन के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लैब एवं अतिथि कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने लैक्चर हॉल में एसी बढ़ाने के निर्देश दिए, वहां बड़ा इंटरएक्टिव पैनल लगाने के लिए कहा। इस दौरान संभागायुक्त ने नर्सिंग कालेज का भी जायजा लिया। इस अवसर पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सभी चिकित्सक, अधिकारी उपस्थित रहे।

# महंगाई भत्ता सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

विद्याभूषण दुबे



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज राजधानी रायपुर स्थित कलेक्टोरेट कार्यालय के समक्ष 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया, जिसे अपर कलेक्टर श्री नवीन कुमार ठाकुर ने प्राप्त किया। प्रदर्शन से पूर्व एक सशक्त नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पेंशनर्स एसोसिएशन के महामंत्री श्री उमेश मुदलियार ने की। सभा का संचालन तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री रामचंद्र टांडी ने किया। सभा में कर्मचारियों एवं पेंशनर्स ने अपनी मांगों के समर्थन में सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और अपनी एकता तथा संकल्प को स्पष्ट किया। सभा को कई कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया जिनमें प्रमुख रूप से श्री विजय झा, श्री उमेश मुदलियार, श्री पंकज नायक, श्री संजय शर्मा, श्री सी.एल. दुबे, श्री नरेश रामचंद्र टांडी, श्री विमल चंद्र, श्री आलोक, श्री पीतांबर पटेल, श्री होरीलाल छेड़िया, श्री बी.आर. वर्मा, श्री मनोज सुरेखा, श्री शेखर ठाकुर, श्रीमती वंदना नलिनी चंद्राकर, श्रीमती बसंती कुजूर, श्रीमती पिलोमनी, श्री विजय डागा, श्री विनोद सिंह, श्री राजेंद्र उमेठे, श्री बी.पी. कुरील, श्री राकेश त्रिवेदी, श्री निर्मल मित्रा, श्री रमेश बजाज, श्री जी.एल. ओगरे, श्री यशवंत भोंसले, श्री मानक लाल पांडेय, श्री लक्ष्मण, श्री रोहित, श्री नारायण एवं शुभम आदि शामिल थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर्स उपस्थित थे। सभी ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने का संकल्प लिया। ज्ञापन में पेंशनर्स की निम्नलिखित प्रमुख 4 मांगों को शामिल किया गया: 1. केंद्र के अनुरूप देय तिथि से 2त्न महंगाई भत्ता तत्काल प्रदान किया जाए। 2. 18 महीने की एरियर्स राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। 3. पेंशनर्स एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए। 4. पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए।

# नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है : किरण रविन्द्र वैष्णव

## हाईस्कूल आसरा में धूम धाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत आसरा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति जागृति यदु ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजीता पडौती उपस्थित थे।सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी बच्चों को मुंह मीठा करा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 16 जून से नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है, और इस अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आज से स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी है। नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सबके लिए विशेष है। मैं आप सभी से कहना चाहती हूँ कि खूब मन लगाकर पढ़िये, आपकी शिक्षा, आपका उज्ज्वल भविष्य हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी प्रयास कर रहे हैं, जिससे शिक्षा का बेहतर वातावरण बने। साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति जागृति यदु व जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजीता पडौती ने भी संबोधित करते हुए बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए संबोधित किये। साथ ही इस अवसर पर अनीता पंचारी जनपद सदस्य,शरद वैष्णव संरपच, मुकेश साहु, अरूण बाई कंवर, मन्नूलाल, पुरषोत्तम साहु, गंगाराम कंवर, मदन साहु,लखन लाल साहू, रामदीन जगने,रेवती रमन वैष्णव प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला व शंकर लाल साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, रोहित तारम प्रचार्य, समेत शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ..)**

**- ईश्तहार:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम आ. स्व. चुनु निवासी शहर / ग्राम छेछानपहरी प.ह.नंज. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी.द्वारा अपने माँ स्व. राजकुंवर पति स्व. चुनु के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 08/03/1997 को स्थान छेछानपहरी पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 30/06:2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक:- 18/06/2025**

**सुनवाई दिनांक:- 30/06/2025**

सील **कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ..)**

**- ईश्तहार:-**

रा.मा.क्र.....बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिचंद्र वर्मा आ. फुलूराम वर्मा निवासी शहर / ग्राम मारूटोलाकला प.ह.नंज. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी.द्वारा अपने पिता स्व. फुलूराम वर्मा आ. मेहत्तर वर्मा के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 17/12/20211 को स्थान मारूटोलाकला पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 20/06/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 09/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक:- 09/06/2025**

**सुनवाई दिनांक:- 20/06/2025**

सील **कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़**

**फार्म 37**

**नियम 61 (देख),**

मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

**पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय राजनांदगाव रेफरी संख्या 149, दिनांक 2025**

श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स कंपनी (रजिस्टर्ड मालिक) है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चौला मण्डलम इन्वेस्ट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने सूचित किया है कि उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है। संख्या सी जी 08 एल. 3924 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया खरीद / पट्टे / उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन और 1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया है।

**2. आप फरार हो गये है।**

उसने पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसका नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाण पत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा- 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हरे का प्रतिनिधित्त्वच आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने घर पंजीकरण का नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम,साथ। तारीख 2025

नोटरी ATTESTED 7june 2025

**पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर**
**सेवा फाइनेंसर**
**चोला मण्डलम इनवेस्ट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव 491441**
**वाहन स्वामी- गुरू गोविंद चौक, रामा मेडिकल कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) 491995**

## कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर की जा रही लगातार कार्रवाई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई लगातार की जा रही है। राजस्व टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी और धीरी तथा डोंगरगांव विकासखंड के बरगांव नदी घाट में अवैध रेत एवं मुरूम परिवहन पर 5 वाहनों पर जप्ती की कार्रवाई की गई। एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा ने ग्राम सुरगी में रेत और मुरूम के अवैध परिवहन करने पर जप्ती की कार्रवाई की। ग्राम सुरगी में रेत से भरी हाईवा सीजी 08 बीसी 7415 तथा मुरूम से भरी हाईवा सीजी 04 एचएम 8461 की जप्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही जेसीबी सीजी 08 पी 5746 डी तथा ट्रेक्टर सीजी 08 एआर 7810 को जप्त कर कार्रवाई की गई। इसी तरह एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बरगांव नदी घाट से अवैध रूप से रेत भरा हुआ ट्रेक्टर जप्त किया गया।

**शुभांक**

**1-2-7**

**446-4 125-8**

**भाग्यांक**

**267-5 255-2**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक 3081/अ0वि0अ0/ प्र-1/2025

राजनांदगांव दिनांक 17/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जैनम बैद आ. श्री नरेश कुमार बैद, निवासी मकान नं. 244, वार्ड नं. 32 ओसवाल लाईन, सदर बाजार, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव एवं अन्य 04 द्वारा जीवरत्नम फाउंडेशन राजनांदगांव प्रधान कार्यालय संदीप इंटरप्राइसेस आजाद चौक राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के नाम से लोक न्यास संचालित करने हेतु छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना दावा/ आपत्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी ।

सील **(खेमलाल वर्मा) अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 202505090100019 अ -21 (1)

वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री युवराज उइके आ. श्री रेवाराम उइके, जाति गोड, निवासी ग्राम वार्ड नं. 06 घोघरे, छुरिया द्वारा स्वये के स्वामित्व की ग्राग महराजपुर, प.ह.नं. 15, रा.नि.गं. खोभा, तहसील छुरिया स्थित भूमि खसरा नं. 11/2, 11/3, 11/4, 11/5 एवं 11/6 कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 0.9830 हे. भूमि को बच्चो की उच्च शिक्षा, मकान निर्माण हेतु रकम की आवश्यकता होने से उपरोक्त भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र गय दस्तावेज न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 26.06.2025 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता / मुख्यत्यारआम के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.06.2025 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार छुरिया जिला - राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला क्रमांक: 20250529080038**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व

सन:-2024-2025

साल्हेकला प.ह.न. 00022 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -निरूप कुंजाम,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरूप कुंजाम पिता अंकालू जाति गोड निवासी बुन्देली तहसील छुईखदान के द्वारा अपनी माताजी गौरीबाई पति अंकालू का मृत्यु दिनांक 04-06-1995 को ग्राम बुन्देली में होना उल्लेखित करते हुए अपनी माताजी का मृत्यु दिनांक ग्राम पंचायत में पंजीयन यिन किये हेतु निर्देश जारी करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23-06-2025 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पक्षात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 27/05/2025 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार छुईखदान**

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय मे मामला**

क्रमांक: 20250529080039

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व

सन्-2024-2025

बुन्देली प.ह.न. 00020 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - निरूप कुंजाम,

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरूप कुंजाम पिता अंकालू जाति गोंड निवासी बुन्देली तहसील छुईखदान के द्वारा अपनी नानी समुन्दबाई पति रामप्रसाद का मृत्यु दिनांक 05-04-1980 को ग्राम बुन्देली में होना उल्लेखित करते हुए अपनी नानी समुन्दबाई पति रामप्रसाद का मृत्यु दिनांक ग्राम पंचायत में पंजीयन किये हेतु निर्देश जारी करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 23-06-2025 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद्मुद्रा को आज दिनांक 27/05/2025 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार छुईखदान**

## ज्ञान मंथन

*1) बिहार के किस शहर में सर्वाधिक रेशमी वस्त्र के कारखाने स्थापित है?*

*2) एकदिवसीय विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी कौन है?*

*3) भारत चुनाव आयोग द्वारा नेशनल आइकन के रूप में हाल ही में किसे चुना गया है?*

*4) 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस का आयोजन हाल ही में कहां हुआ?*

*5) सिंधिया और 1857 नामक पुस्तक का हाल ही में विमोचन किया गया, इसके लेखक कौन है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) भागलपुर (2) मोहम्मद शमी (45 विकेट) (3) राजकुमार राव (4) नई दिल्ली (5) डॉ राकेश पाठक

# विकसित भारत संकल्प सभा का गरिमामयी आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर में विकसित भारत संकल्प सभा का गरिमामयी आयोजन बहुउद्देशीय भवन नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र की आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के 11 वर्षों की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यक्रमों व उनके तहत किए गए अभूतपूर्व कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर एकजुट होने का संदेश दिया जाना था। यह कार्यक्रम प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार व जिला भाजपा के मार्गदर्शन में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण — संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री सचिन बघेल जी (अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव ) एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री चंद्रिका प्रसाद डड़सेना जी (उपाध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव) ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की जनहितैषी नीतियों पर प्रकाश डालने का कार्य किया, साथ ही उनके तहत चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई। कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक श्रीमती अनिता मंडावी जी एवं श्रीमती किरण साहु जी (उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव), श्री देवेन्द्र साहु जी (अध्यक्ष नगर पंचायत लाल बहादुर नगर), श्री प्रशांत कोड़ापे जी ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया, साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि हर घर तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश पहुंचाकर जनजागृति फैलाने का कार्य किया जाये, तभी हमारा विकसित भारत का सपना साकार होगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री मनोज कांडे जी एवं कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हेमलाल वर्मा ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम की सफ्लता पर खुशी जाहिर किया व संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी मंडल के कार्यकर्ताओं को अपना सहभागिता निभाने निवेदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सुरेश वर्मा , श्री राजेन्द्र तिवारी जी, श्री शत्रुहन वर्मा, महामंत्री कैलाश ऊके जी, छबीधर साहु जी, उपकार सिंह बघेल, श्रीमती गोदावरी निषाद जी, चंद्रप्रकाश देशमुख जी, श्रीमती पुष्पा सिन्हा जी, पार्षद गण , जनपद सदस्य, मंडल पदाधिकारी , बुथ अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# भाजपा ने की डोंगरगांव मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा

**जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राननांदगांव भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज डोंगरगाव मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की है। दीना पटेल डोंगरगांव मंडल के अध्यक्ष एवं हेमन्त चोपड़ा, डीकेश साहू महामंत्री बनाए गए। डोंगरगांव मंडल से अध्यक्ष दीना पटेल उपाध्यक्ष- संतोष यादव, योगेश पटेल, महेश्वर साहू, कुंती चौधरी, महामंत्री- हेमन्त चोपडा, डीकेश साहू, मंत्री- चुन्नी यदु, वीरेन्द्र कुमार साहू, ममता उईके, चित्ररेखा साहू, कोषाध्यक्ष इन्दचंद लोढ़ा, सह-कोषाध्यक्ष रितु सोनकर, मीडिया प्रभारी कोमल साहू, सह मीडिया प्रभारी गौरव यदु, सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश गुप्ता, कार्यालय मंत्री लोकेश यदू, सह कार्यालय मंत्री रामा निर्मलकर को बनाया गया है। भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव एवं सौरभ कोठारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं देते हुए आने वाले समय में संगठत्माक कार्यों में जुट जाने का आव्हान किया है।

# शासकीय प्राथमिक शाला अड़ाम में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व मिठाई से हुआ आत्मीय स्वागत, गणवेश व पुस्तकें वितरित



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला अड़ाम में सोमवार को प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा नि:शुल्क प्रदान की जाने वाली गणवेश व पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष रंजीता कपिल पड़ौती रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कोमल निषाद, नरेश निषाद, गीता राम निर्मलकर, नरेश निर्मलकर तथा योगेश कंवर (शाला प्रबंधन समिति सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्राम के पालकगणों सहित समाजसेवी महेश कुंभकार व अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शाला की ओर से प्रधान पाठक महेंद्र पड़ौती, शिक्षिकाएँ सरिता टंडेकर व कोनिका सोनी ने कार्यक्रम का सफ्ल संचालन एवं समन्वय किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें एवं उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। प्रवेश उत्सव ने शाला और अभिभावकों के बीच सकारात्मक संवाद की एक मजबूत कड़ी स्थापित की।

# नव प्रवेशी बच्चों का पुष्प वर्षा एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** - शाला प्रवेश उत्सव पर नव प्रवेशी बच्चों का पुष्प वर्षा एवं गुलाल लगाकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया साथ ही शिक्षिका अंजू देवांगन की ओर से न्योता भोज हलवा, पापड़ खिलाया गया।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक गैंद लाल डाहरे, शिक्षक माधव साहू ,किशन देशमुख ,शिक्षिका दीपिका साहू, ग्रामप्रमुख पन्ना यादव, डॉ खेमुदास साहू, हेमन्त साहू टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी विद्या, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी उपस्थित थे।

# कबीरधाम ज़िले में कम होते भू-जल स्तर को पूनर्भरण करने हो रहा अभिनव पहल

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** मोर गांव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत घर का पानी घर में गांव का पानी गांव में का संकल्प लिए कबीरधाम जिले में इस बरसात भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आगामी 20 जून को प्रात: 6 बजे से जिले के सभी घरों में एक समय पर एक साथ बड़ी मात्रा में जन सहयोग एवं श्रमदान से सोख पिट का निर्माण किया जाएगा। इस अभियान में जिले के सभी ग्रामीण सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत अधिकारी, कर्मचारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना की दिदीयो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पंजीकृत परिवारो एवं मेट तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित परिवारों द्वारा अपने आंगन,बाड़ी घर के समीप खाली स्थानो में 3 इनटू 3 आकार का सोखता गढ्ढा (रिचार्ज पिट) का निर्माण करेंगे।

# प्राथमिक शाला टोलागांव में नव प्रवेशी बच्चों का किया स्वागत



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवीन शिक्षा सत्र 2025 - 26 के प्रथम दिवस ग्राम टोलागांव शासकीय प्राथमिक शाला में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर व केक खिलाकर स्वागत किया गया। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यूनिफार्म व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। भजनलाल साहू प्रधान पाठक ने बताया कि बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए ऐसा आयोजन वह प्रतिवर्ष करते आ रहे हैं , और बच्चों को स्वच्छता के साथ नियमित शाला आने हेतु प्रेरित किया गया । शाला में पदस्थ शिक्षिका रूपेश्वरी साहू ने सभी बच्चों को नवीन शिक्षा सत्र की बधाई प्रेषित की।

# जनपद अध्यक्ष द्वारा अरसीटोला में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला अरसीटोला, संकुल कोकपुर में में आज शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। संकुल समन्वयक राहुल जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौदी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। उंसके बाद उपस्थिति अतिथि जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौदी, पूर्व सरपंच उमाबाई लाउत्रे, शाला संमिति अध्यक्ष गिरिधर पटौदी, ग्राम प्रमुख लोकचंद मंडावी सदस्य योगेश पटौदी, धर्मेंद्र कुमार लाउत्रे, सुखदेव, आदि अतिथियों का स्वागत किया गया ।संस्था प्रमुख खिलावन ठाकुर ने बच्चों को स्वागत भाषण दिया एवं अतिथियों व अभिभावकों से संवाद कर शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं की जानकारी दी। बच्चों का स्वागत तिलक, माला एवं उपहार देकर किया गया। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेल, गीत एवं नृत्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिक्षकगणों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों से विद्यालय को सजाया और बच्चों के बीच मिठाई व स्टेशनरी सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौदी ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर बल दिया। विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार प्रदान किया जाएगा।

# अटल आवास, घुघरी रोड में कबीरधाम पुलिस की सघन कार्यवाही

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आम



नागरिकों में सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री अभिषेक शांडिल्य (भा पु से) के मार्गदर्शन में प्रभारी पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 18 जून को विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर के कुशल पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

# आलिवारा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आलीवारा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया इस अवसर पर सरपंच इतवारी राम वर्मा मुख्य अतिथि थे नया शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस को शासकीय उच्च.मा.शा.आलीवारा में शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत आलीवारा के सरपंच इतवारी राम वर्मा थे,तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्रभारी प्राचार्य जे.एल.हुमने ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने शाला में स्थापित विद्या की देवी माँ सरस्वती जी की पुजा अर्चना कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। कक्षा 9 वीं के नव प्रवेशी बच्चों का मुख्य अतिथि ने तिलक लगा कर,मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया और मुख्य अतिथि के कर कमलों से शासन द्वारा प्राप्त नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि मैं शाला परिवार के साथ हूँ, अब शाला सम्बन्धी समस्या का समाधान मिलजुल करेंगे ,यह मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी। सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित भी किया।इन्होंने कहा कि मैं आम जनता की सेवा के लिए सरपंच बना हूँ तो पूरे कार्यकाल निभाऊँगा। शाला की होनहार छात्रा कु.दीपिका वर्मा और शाला की अंग्रेजी की व्याख्यता तारकेश्वरी जंघेल जो कि पिछले दिनों अखिल भारतीय प्रेरणा प्रशिक्षण हेतु गुजरात स्थित वडनगर ( यशस्वी प्रधान मन्त्री.नरेंद्र मोदी का प्रारंभिक शिक्षा विद्यालय) में 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए छ.ग.का प्रतिनिधित्व कर शाला और क्षेत्र का नाम रौशन किये हैं,को प्रधान मन्त्री द्वारा लिखित प्राप्त प्रेरणा प्रशिक्षण प्रमाण- पत्र मुख्य अतिथि के हांथों प्रदान किया गया। शाला के अन्य छात्र- छात्राओं के लिए प्रेरणा की श्रोत बनी कु.दीपिका वर्मा ने अपने प्रशिक्षण काल में प्राप्त अनुभाओं का मंच साझा करते हुए कहा कि मैं बड़ी सौभाग्य शाली छात्रा हूँ कि यहाँ के गुरु जनों की आशीर्वाद से प्रशिक्षण प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ औरअपना अनुभव एक दूसरे में बाँटना चाहूँगी,तभी मेरा प्रशिक्षण प्राप्त करना सार्थक होगा। शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री.हूमने ने आमंत्रित अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपेक्षा किया है कि भविष्य में भी ग्राम पंचायत जन प्रतिनिधियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों से इसी प्रकार ही सहयोग मिलता रहेगा। विशेष अतिथियों में शिव कुमार यादव, राजेश्वरी खोबरागड़े, रचना यादव, दुर्गा प्रसाद वर्मा, गीता वर्मा, कौशिल्या वर्मा, देवकी वर्मा,पूर्णिमा पटेल आदि ने भी अपनी उपस्थिति देकर नव प्रवेशी बच्चों का उत्साह वर्धन किये हैं।शाला परिवार से के.आर.यादव, पी.के.दीक्षित,तारकेश्वरी जंघेल, मौसमी मडामे, मीता बाबरिया, रामेश्वर दशरिया,कु.नेहा वर्मा आदि ने भी नव प्रवेशी बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं दिये हैं।

## धर्म समाचार....

# सावन में इन 3 मंत्रों से करें भोलेनाथ को प्रसन्न, मिलेगी सुख-समृद्धि







सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है जो 11 जुलाई 2025 से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान भक्त पूरे महीने और विशेष रूप से सोमवार को उनकी आराधना करते हैं। मान्यता है कि सावन में भोलेनाथ कैलाश पर्वत से धरती पर आते हैं।

भगवान शिव का प्रिय महीना सावन इस साल 11 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस दौरान भोले के भक्त पूरे महीने और विशेषतौर पर सोमवार के दिन पूरी श्रद्धा से उनकी आराधना करते हैं। कहते हैं कि सावन के समय स्वंय भोलेनाथ कैलाश छोड़कर धरती पर आते हैं और सृष्टि का संचालन करते हैं। इस दौरान उनकी पूजा करने से वह जल्दी प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस दौरान भक्त श्रद्धा से सावन का व्रत रखते हैं। मनचाहे वर को पाने के लिए कुंवारी कन्याएं सावन के सोमवार का व्रत रखती हैं। कांवड़ यात्रा निकलती हैं और भोलेनाथ का जल से अभिषेक किया जाता है। इस पुण्य महीने में भोलेनाथ के कुछ दिव्य मंत्रों का जाप करने से उनकी कृपा मिलती है। इस मंत्र का अर्थ है कि मैं भगवान शिव को नमन करता हूं। यह मंत्र जितना सरल है, उतना ही प्रभावी भी है। इसके लगातार जाप करने से मानसिक शांति मिलती है। जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और नकारात्मकता समाप्त होकर नई संभावनाओं के मार्ग बनने लगते हैं। महामृत्युंजय मंत्र- ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्, उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात।।ज्ञ इस मंत्र का अर्थ है कि हम त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की पूजा करते हैं, जो सुगंधित हैं और पोषण करने वाले हैं। जैसे पका हुआ फ्ल अपनी डाली से अलग हो जाता है, वैसे ही हम भी मृत्यु के बंधन से छूटकर अमरता प्राप्त करें।

## जब मिलने लगे ये संकते, तो समझिए कि बनी हुई है भगवान शिव की कृपा



देवों के देव कहलाने वाले महादेव जब किसी व्यक्ति से प्रसन्न होते हैं तो उन्हें कुछ खास संकेत मिलने लगते हैं। इन संकेतों का वर्णन शिव पुराण में भी मिलता है। ऐसे में अगर आपको भी यह संकेत मिल रहा है तो समझना चाहिए कि जल्द ही आपका अच्छा समय शुरू होने वाला है। आज हम आपको कुछ ऐसे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको देखने में साधारण लग सकते हैं, लेकिन इनका बहुत ही खास अर्थ होता है। भगवान शिव से जुड़ी चीजें संकेत के रूप में दिखना आपके लिए एक बहुत ही खास संकेत हो सकता है, जिसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। चलिए जानते हैं इस बारे में।

**मिलते हैं ये खास संकेत**- शिव पुराण में वर्णन मिलता है कि अगर किसी व्यक्ति को सुबह के समय डमरू की आवाज सुनाई देती है, तो यह शिव जी की कृपा का संकेत हो सकता है। वहीं अगर किसी व्यक्ति को रास्ते में नंदी महाराज के दर्शन होते हैं, तो यह भी शिव जी की कृपा का संकेत माना जाता है। अगर किसी व्यक्ति को सपने में भगवान शिव के प्रसन्न मुद्रा में या फ्रि मुस्कुराते हुए दिखाई देते हैं, तो इसे एक बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपको भगवान शिव की कृपा मिलने वाली है। इसी के साथ अगर किसी को सपने में भगवान शिव का मंदिर, त्रिशूल, सांप या फ्रि अर्धचंद्र जैसी चीजें दिखना भी एक शुभ संकेत के रूप में देखा जाता है। इसका अर्थ है कि महादेव आपसे प्रसन्न हैं और जल्द ही आपको कोई खुशखबरी मिलने वाली है।

**इन लोगों को मिलती है कृपा**- माना जाता है कि अगर आपको भविष्य में घटने वाली कुछ घटनाओं का पहले ही आभास हो जाता है और आप उसके अनुसार, तैयार हो जाते हैं, तो इसका अर्थ है कि उस व्यक्ति पर शिव जी की कृपा बनी हुई है। इसी के साथ जो व्यक्ति कठिन-से-कठिन समय में भी अपने मन को शांत रखता है और ईश्वर पर भरोसा रखता है, उसपर भोलेनाथ की कृपा बनी रहती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन पौधरोपण करने की जरूरत : कलेक्टर

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शासकीय कार्यालयों में 20 जून से किया जाएगा पौधरोपण

**कलेक्टर ने पौधरोपण के दृष्टिगत समाज प्रमुखों, निजी स्कूलों, स्वयं सेवी संस्थाओं, चेम्बर ऑफकामर्स एवं विभिन्न संस्थाओं की बैठक ली**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण के दृष्टिगत समाज प्रमुखों, निजी स्कूलों, स्वयं सेवी संस्थाओं, चेम्बर ऑफ कामर्स एवं विभिन्न संस्थाओं की बैठक ली। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण का कार्य प्राथमिकता से करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाएं तथा निजी स्कूल के प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आवश्यक पहल करें। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शासकीय कार्यालयों में 20 जून से पौधरोपण प्रारंभ करेंगे तथा 10 जुलाई तक समापन करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न उद्योगों द्वारा भी पौधरोपण किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में सघन पौधरोपण करने की आवश्यकता है और जनसहभागिता से यह कार्य करना है। उन्होंने कहा कि शहर में आने वाले वर्षों में विभिन्न तरह के निर्माण संबंधी अधोसंरचना को ध्यान में रखते हुए विविधतापूर्ण विकास के दृष्टिकोण से विभिन्न स्थानों में पौधरोपण करना है, जिससे शहर हराभरा रहे। सभी स्कूल कैंपस, गार्डन एवं अपने घरों में पौधरोपण करें। एक दुकान एक पेड़ के नाम से पौधरोपण कर सकते है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही पौधों को संरक्षित करने की भी जरूरत है। उन्होंने 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम शहर की पहचान है, अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा।महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण की यह पहल कारगर होगा। जिला प्रशासन की ओर से पौधों की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। जनसहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाना है। स्वयं सेवी संस्थाएं एवं उद्योग पौधों की देख-रेख करेंगे। उन्होंने सभी से कहा कि नगरीय क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज के लिए सिस्टम लगाएं तथा जल संरक्षण की दिशा में सभी को कार्य करना है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी एवं बढ़ता हुआ तापमान चिंता का विषय है। हम सभी को स्थायी रूप से पौधरोपण करने की आवश्यकता है, ताकि हम पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए स्थायी तौर पर कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण के लिए स्थानों का चिन्हांकन कर लिया गया है। सभी समन्वित तरीके से पौधरोपण का कार्य करेंगे। बैठक में पौधरोपण के लिए सभी ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित समाज प्रमुख, निजी स्कूल, स्वयं सेवी संस्था, चेम्बर ऑफकामर्स एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास से संपन्न हुई युगांतर में उत्तम स्वास्थ्य पर आधारित कार्यशाला



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में उत्तम स्वास्थ्य पर आधारित कार्यशाला का शानदार आयोजन हुआ। इस कार्यशाला को युगांतर पब्लिक स्कूल की फिजिकल एजुकेशन की शिक्षिका वंदना सिंह ने शानदार ढंग से संचालित किया । विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह को योग प्रशिक्षक और मेडिटेशन विशेषज्ञ के रूप महारत हासिल होने से विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं आल्हादित रहे। वे इस एक दिवसीय कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाग लेकर योगा की विविध जानकारी के साथ विविध थैरेपी का भी लुत्फ उठाया। उन्होंने टैपिंग, क्लेपिंग थैरेपी, लाफ्टर योगा, सूर्य नमस्कार के महत्व को भलीभाँति समझा। इसी तारतम्य में आगे वंदना सिंह ने सकारात्मक शारीरिक पोसचर्स की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अध्ययन-अध्यापन में इन पोसचर्स का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस कार्यशाला में शिक्षक-शिक्षिकाओं का बीएमआई नापा गया और उन्हें उनकी हाइट के अनुसार कितना वेट होना चाहिए- इसे समझाया गया ।इस आयोजन की शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भूरि भूरि प्रशंसा की। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कंचन सोहल ने सराहना करते हुए कार्यशाला को लाभदायक बताया। विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया,सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी,नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर ,पी आर ओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने इस आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

# नीरज फाउंडेशन किड्स प्रीमियम स्कूल में एडमिशन प्रारंभ

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कमला कॉलेज रोड न्यूखंडेलवाल कॉलोनी में स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल 9201958612 में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। यह एक किड्स प्रीमियम स्कूल है, जहाँ



बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ एक उच्च स्तरीय, सुरक्षित, आनंददायक और समृद्ध वातावरण प्रदान किया जाता है। संस्था का उद्देश्य है कि हर बच्चा ज्ञान के साथ-साथ अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़े। यह स्कूल एक सुंदर 8000 वर्गफुट के हरे-भरे परिसर में स्थित है, जिसमें आधुनिक और बच्चों के लिए अनुकूल दो मंजिला भवन है, यहाँ पर विशेष व्यवस्था वाले बड़े-बड़े कक्ष हैं, जो बच्चों को शिक्षा का माहौल देते हैं। बच्चों के शारीरिक विकास के लिए 4 छोटे - बड़े ( दो-दो हजार वर्ग फीट क्षेत्र के )खेल के मैदान हैं और मनोरंजन के लिए एक पोर्टेबल स्विमिंग पूल भी उपलब्ध है। स्कूल में टॉय लाइब्रेरी और बुक्स लाइब्रेरी है, जो बच्चों की जिज्ञासा और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देती है। इसके अलावा एक थिएटर रूम और ऑडियो-विजुअल हॉल भी मौजूद हैं, जो रचनात्मकता और दृश्य-श्रव्य शिक्षण को प्रोत्साहित करते हैं। सभी कक्षाएं प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों द्वारा संचालित की जाती हैं, और संस्था एक आदर्श 20:1 छात्र-शिक्षक अनुपात का पालन करती है जिससे हर बच्चे को व्यक्तिगत ध्यान मिल सके। स्कूल में सुरक्षा सर्वोपरि है, और इसके लिए त्र्कस् ट्रैकिंग सुविधा से युक्त परिवहन सेवा उपलब्ध है। पूरे वर्षभर बच्चों के लिए सीखने से जुड़ी मज़ेदार गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। संस्था संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि यहां प्री नर्सरी से के जी 2 तक की संचालित कक्षाओं की उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई है पालकों से आग्रह है कि एक बार इस संस्था को अवश्य भ्रमण करें और अपने बच्चों को प्री प्राइमरी की शिक्षा दिलाये..

# सुंदरकांड महोत्सव की 19 वीं माला की पूर्णाहुति 06 जुलाई को

## महामंडलेश्वर गोविंद जी महाराज के सानिध्य में 108 जोड़े करेंगे सुंदरकांड पाठ





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा वर्ष 2015 से प्रारंभ सुंदरकांड महोत्सव के 19वीं माला अर्थात 2052 वा सुंदरकांड पाठ बर्फानी सेवा आश्रम समिति के तत्वाधान में 6 जुलाई देवशयनी एकादशी के दिन बर्फानी आश्रम मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से राजू शर्मा, संदीप मिश्रा, योगेश कोटक, निखिल मिश्रा, श्याम शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 19 वीं माला का 108 वा पाठ 108 भक्त जोड़ो के साथ देवशयनी एकादशी 06 जुलाई को श्री बर्फानी आश्रम सेवा समिति के संयोजकत्व में आयोजित है। इस महोत्सव के आशीर्वादक परम श्रद्धेय गुरुदेव बर्फानी दादाजी एवं प्रत:स्मरणीय पूज्य राजेश्वरानंद जी महाराज है वहीं प्रेरणाश्रोत परमश्रद्धेय नंदू जी शर्मा है । महोत्सव के दौरान श्री 108 महामंडलेश्वर स्वामी गोविंद जी महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी। बर्फानी आश्रम सेवा समिति के राजेश मारू, आलोक बिंदल, गणेश शर्मा गन्नू, दीपक जोशी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108 वा पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 18 माला पूर्णता प्राप्त करके 19 वीं माला के 100 पाठ पूर्ण हो चुके है, 19 वीं माला का 108 वा पाठ अर्थात 2052 वा पाठ देवशयनी एकादशी 06 जुलाई 2025 को मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में आयोजित है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 06 जुलाई को सुबह 10 बजे से हमारे हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5:31 बजे से श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ो द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।

# वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक होटल बेबीलॉन में आयोजित





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 12 एवं 13 जुलाई 2025 को रायपुर के होटल बेबीलॉन में आयोजित है। प्रदेश महासचिव रजनीश वैष्णव दुर्ग ने जानकारी दी की वैष्णव प्रतिनिधि मंडल ने दुग्धाधारी मठ के महंत श्री राज राजेश्वर रामसुंदर दास जी संरक्षक को विधिवत् आमंत्रण दिया गया। एवं प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी,विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी, उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव जी एवं श्री विजय शर्मा जी सहित मंत्रीगण को विधिवत निमंत्रण देकर 13 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में मुख्यअतिथि अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि स्वीकार कर उपस्थिति प्रदान हेतु वैष्णव समिति को सहमति प्राप्त हुई। प्रदेश युवा अध्यक्ष राघवेन्द्र दास ने बताया कि वैष्णव राष्ट्रीय अधिवेशन में वृन्दावन, आयोध्या, काशी,चित्रकुट, जगन्नाथपुरी आदि सहित देश भर के प्रमुख मठों और मंदिरों के संत महात्मा एवं वैष्णव आचार्यगण बड़ी संख्या आमंत्रित किए गए है। धर्म स्तंभ कांउसिल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सौरभ निर्वाणी ने बताया कि वैष्णव अधिवेशन में शिक्षा, सामाजिक संस्कार, पुरातन सभ्यता के संरक्षण के साथ ही एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान चलाने की घोषणा की संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत् सनातन पुर्नजागरण वैष्णव परम्परा मठ मंदिरों की रक्षा हेतु ठोस निर्णय लिया जायेगा। वैष्णव प्रतिनिधि मंडल जिन्होने मुख्यमंत्री,विधानसभा अध्यक्ष एवं मंत्रियों से उपस्थिति सहमति प्राप्त करने में प्रदेश अध्यक्ष राकेश वैष्णव रिसदा, युवा प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र वैष्णव भिलाई, प्रदेश महिला अध्यक्ष अंजना देवी छोटी रानी लोरमी, रजनीश वैष्णव महासचिव, धर्म स्तंभ कॉउसिंल के संस्थापक डॉ. सौरभ निर्वाणी युवा प्रदेश महासचिव, महंत संतोष वैष्णव, युवराज यशवंत दास आदि शामिल रहे। वैष्णव सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में समाज सेवी ,विशिष्ट क्षेत्र में प्रशासनिक पदों पर नियुक्त प्रतिभाशाली वैष्णव युवक-युवती सहित जनप्रतिनिधि का अतिथियों द्वारा सम्मानित किए जाने की जानकारी दी।

# कलेक्टर ने जिलेवासियों से बारिश के मौसम में पौधे लगाने की अपील की



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिलेवासियों से बारिश के मौसम में पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा है कि आइए हम अपने शहर एवं गांव को हरा भरा बनाएं। धरती की हरीतिमा, पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना दायित्व निभाते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सहभागिता निभाएं। बारिश पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। यही वह वक्त है जब पौधे आसानी से मिट्टी में अपनी जड़ें मजबूती से बना लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए पौधरोपण करना एवं जल संरक्षण बहुत आवश्यक है। ऑक्सीजन को बढ़ाने और धरती के तापमान को कम करने के लिए हमारा यह कर्तव्य है कि पौधे लगाएं और उनकी देखभाल एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाना पुण्य का कार्य है। आज हमें वृक्षों की छांव मिल रही है, क्योंकि किसी ने बहुत पहले पौधे लगाए थे। आने वाली पीढ़ियों को उन वृक्षों की शीतल छांव मिलती है, वहीं फल-फूल भी प्राप्त होते हैं। आइए हम सभी पौधरोपण के लिए प्रतिबद्ध होकर अपनी भागीदारी निभाएं।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लड बैंक, शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर, राजनांदगाव के सौजन्य से छत्तीसगढ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी ,राजनांदगाव में प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस् आयोजन में रोग निदान विभाग के शिक्षक और डॉक्टर विकास सिंह राठौर के साथ साथ महाविद्यालय के प्रबंधन समिती के सदस्य श्री दुलीचंद वैद का विशेष सह्योग रहा।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# 34 किलो गांजा के साथ आदतन अपराधी धराया, महिला तस्कर फरार

## बसंतपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

**राजनांदगांव।( नांदगाँव टाइम्स )** शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बसंतपुर थाना पुलिस और साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में 34.750 किलोग्राम गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 3.5 लाख रुपये है, जप्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

**मुखबिर की सूचना पर हुई घेराबंदी**

पुलिस को सूचना मिली थी कि जीई रोड, बर्फानी मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक गांजा लेकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान मिलन कुमार मोहबे (उम्र 27 वर्ष), निवासी तेलीबांधा, रायपुर के रूप में हुई है।




**रायपुर से पुणे ले जा रहा था गांजा**

आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह एक महिला साथी के साथ रायपुर से पुणे गांजा ले जा रहा था। राजनांदगांव में बस बदलने के लिए रुके थे, तभी पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। महिला साथी मौके से फरार हो गई, जिसकी तलाश जारी है।

**गांजा प्लास्टिक बोरी और सूटकेस में छिपा था**

पुलिस ने आरोपी के पास से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी, एक पिस्ता ग्रीन रंग का सूटकेस और एक हरे रंग का सूटकेस बरामद किया, जिनमें गांजा छिपाकर रखा गया था।

**आदतन अपराधी, पहले से दर्ज हैं कई मामले**

गिरफ्तार युवक चोरी व अन्य अपराधों में पहले भी लिप्त रहा है और उस पर कई आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। आरोपी को धारा 20(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**महिला आरोपिया की तलाश में टीम रवाना**

इस मामले में फरार महिला आरोपिया की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। पुलिस ने संकेत दिया है कि गांजा तस्करी में लिप्त अन्य चेहरों को भी जल्द बेनकाब किया जाएगा।

**टीम की रही अहम भूमिका**

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी एमन साहू, सउनि गोवर्धन देशमुख, प्र. आरक्षक दीपक जायसवाल, महिला प्र. आरक्षक सीमा जैन, आरक्षक अतहर अली, जामिन्द्र वर्मा एवं स्टाफकी भूमिका उल्लेखनीय रही।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com